जागरण

# 25 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद

Publish Date:Tue, 02 Oct 2018 09:58 PM (IST)



बोकारो: उत्पाद विभाग की टीम ने बालीडीह के सिजुआ बस्ती में दबिश देकर 25 पेटी नकली विदेशी शराब व 280 पीस देसी शराब की पाउच बरामद किया। छापेमारी टीम की अगुवाई उत्पाद निरीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा व दारोगा महेश कुमार दास कर रहे थे। इंस्पेक्टर सिन्हा ने बताया कि उत्पाद विभाग की सदर टीम को गुप्त सूचना मिली कि सिजुआ बस्ती में नकली विदेशी व देसी शराब पुआल में छिपाकर धंधेबाज रखे हुए हैं। सूचना पर छापेमारी टीम यहां पहुंची और देसी विदेशी शराब बरामद हुआ। मौके से आनंद महतो को टीम ने गिरफ्तार किया तो जगेश्वर महतो व अकलु महतो भागने में सफल हो गए। दोनों फरार आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया कि उत्पाद विभाग की टीम लगातार जिले भर में दबिश दे रही है। किसी भी सूरत नकली या गैर कानूनी तरीके से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। विभाग का अभियान लगातार चलता रहेगा।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/bokaro-wine-seized-18490615.html